## एक नजर में

### जैविक हाट का शुभारंभ आज

**खंडवा ।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा जिले के जैविक खेती करने वाले कृषकों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जलेबी चौक खण्डवा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में दिनांक 28 दिसंबर रविवार को दोपहर 12 .30 बजे जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है।उपसंचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि इस जैविक हाट बाजार के माध्यम से जिले के जैविक खेती करने वाले कृषको द्वारा उत्पादित रसायन मुक्त गेंहू, चना,मक्का,मूंग,चावल मूंगफली, अमरुद, सीताफल, कटहल, संतरा, प्याज, टमाटर, आलू, धनिया, मेथी, हल्दी, अदरक, एवं गुड़ जैसी सामग्री नागरिकों को आसानी से उपलब्ध हो सकेगी।

### वीर बाल दिवस पर चित्रकला एवं अभिनय की कार्यशाला आयोजित




**खंडवा ।** पी एम श्री हाई स्कूल माथनी बुजुर्ग में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्राथमिक कक्षाओं में चित्रकला कार्यशाला आयोजित की गई।इसके अलावा विद्यालय में अभिनय की कार्यशाला भी आयोजित की गई। स्कूल के प्राचार्य संतोष तिवारी ने बताया कि वीर बाल दिवस के अवसर पर स्कूल के बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के साहिबज़ादों की शहादत पर आधारित फ़िल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में कलाविद अंजलि पाण्डेय ने विद्यार्थियों को चित्रकला के गुर भी सिखाए। विद्यालय के प्राचार्य श्री तिवारी ने बताया कि नर्सरी से चौथी कक्षा तक के बच्चों ने बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को चित्रों के माध्यम से उकेरा।कार्यक्रम में रंगकर्मी हिमांशु गीते एवं योगेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों को अभिनय कौशल की बारीकियां सिखाई। माध्यमिक एवं हाई स्कूल स्तर के बच्चों ने अभिनय की कार्यशाला में अभिनय के गुर सीखे और गुरु गोविंद सिंह के परिवार की शहादत पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की।इस अवसर पर शाला की शिक्षिका मनीषा बिल्लोरे को माह के शिक्षक के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की गई



**खण्डवा।** जिले के सरकारी अस्पतालों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शुक्रवार को स्वास्थ्य संस्थाओं में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा जांच कर उपचार किया गया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक द्वारा आवश्यकतानुसार सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजकर नि:शुल्क सोनोग्राफी कराई जा रही है।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है, ताकि मातृ मृत्यु दर मे कमी लायी जा सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत ने बताया कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करने के लिए उनकी एनिमिया, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, टीबी, गुर्दे, हृदय रोग, मलेरिया, एच.आई.वी., हैपेटाइटिस बी जैसी समस्याओं की जांच की जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को काउंसलिंग के दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पोष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश भी दी जाती है।

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस पर गांधी भवन में किया जाएगा झंडा वंदन

**खण्डवा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस पर आज 28 दिसम्बर रविवार को जिला कांग्रेस मुख्यालय गांधी भवन खंडवा में प्रात: 11 बजे पार्टी के संघर्ष,सेवा व सम्पर्ण के अवसर पर झंडा वंदन किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140 वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर हमारी गौरवशाली विरासत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस केवल एक राजनीतिक दल नहीं,बल्कि देश की आज़ादी, संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की गौरवशाली विरासत है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) उत्तमपाल सिंह एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) प्रतिभा रघुवंशी ने जिले के सभी पार्टी नेताओं, पूर्व पदाधिकारीयों,कार्यकर्ताओं,अग्रणी संगठनों व विभागों के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व नगर निगम खण्डवा के सभी पार्षदों एवं पूर्व पार्षदों,प्रत्याशियों सहित कांग्रेस की इस विरासत को जीवित रखने वाले हमारे समर्पित कार्यकर्ता जो कांग्रेस की असली शक्ति हैं,उन सभी को सादर आमंत्रित किया हैं ।

### कारगिल विजय कलश यात्रा लेकर ओंकारेश्वर पहुंचे कैप्टन ए.सी. भंडारी सहित पूर्व सैन्य अधिकारी



**ओंकारेश्वर।** कारगिल युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय और शहीदों के बलिदान को स्मरण करते हुए विजय अमृत कलश के साथ भारतीय सेना के जांबाज़ पूर्व अधिकारियों का दल तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर पहुंचा। इस दल का नेतृत्व कैप्टन ए.सी. भंडारी कर रहे हैं।यात्रा बुधवार को बेंगलुरु से प्रारंभ हुई, जिसमें कैप्टन भंडारी सहित 9 अन्य पूर्व सैन्य अधिकारी एवं उनके परिवार वाले शामिल थे।शुक्रवार को दल ने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान ओंकारेश्वर के दर्शन-पूजन कर देश की शांति, समृद्धि तथा वीर जवानों के सम्मान की कामना की। मंदिर ट्रस्ट द्वारा दल का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया।इस अवसर पर मीडिया से चर्चा में कैप्टन ए.सी. भंडारी ने कहा, विजय कलश यात्रा का उद्देश्य शहीदों के त्याग, सेना के शौर्य और राष्ट्र की एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। 16 दिसंबर 1971 के भारत-पाक युद्ध की विजय और 26 जुलाई 1999 के कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक जीत हमारे गौरवशाली इतिहास के प्रतीक हैं।उन्होंने बताया कि यह विजय कलश यात्रा इस बार मध्य भारत से होते हुए दक्षिण से उत्तर की ओर निकाली जा रही है, जो 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूर्ण होगी। लगभग 37,000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह यात्रा देशभर के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम के दौरान कैप्टन भंडारी ने तहसीलदार उदय मंडलोई, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक महाजन एवं आंचलिक पत्रकार संघ के इन्दौर संभाग अध्यक्ष ललित दुबे एवं महासचिव घनश्याम माहिल्या को पदाधिकारियों ने तिरंगे का बैज लगाया। वहीं सैन्य अधिकारियों ने मंदिर ट्रस्ट को विजय स्तंभ का स्मृति चिन्ह भेंट कर राष्ट्रसेवा के प्रति सम्मान प्रकट किया। मंदिर दर्शन करने के बाद सैन्य दल ब्रह्मपुरी स्थित निजी होटल में पहुंचा जहां पर नायब तहसीलदार उदय मंडलोई ने विजय कलश यात्रा के कलशों की पूजा की।

## खंडवा में पुलिसिंग व्यवस्था से खुश होकर लौटे डीआईजी

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा खंडवा जिले के वार्षिक निरीक्षण हेतु दो दिवसीय दौरे पर आए। वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन पुलिस लाइन खंडवा पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय व अधिकारी पहुंचे। जिले के 105 अराजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

### बलवा परेड भी देखी

परेड कमांडर थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार एवं सहायक परेड कमांडर सूबेदार धरम सिंह जामोद रहे। पुलिस उप महानिरीक्षक ने परेड निरीक्षण के दौरान अच्छे टर्न आउट वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरुष्कृत किया। बलवा परेड करवाई गई। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बलवा परेड के प्रदर्शन की सराहना की। कानून व्यवस्था के समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओ के बारे मे सभी थाना प्रभारियों को समझाइश दी।

### संसाधन भी डीआईजी ने चेक किए

शासकीय पुलिस वाहनों का निरीक्षण करते हुए वाहनों के सायरन, इंडिकेटर, बलवा सामग्री, टियर गैस, टूल किट चेक किए । चालकों से टियर गैस गन चलवाई गई। जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले वाहन चालकों को पुरुष्कृत किया।

### अच्छी कमांड पर पुरस्कृत किया

वाहन शाखा प्रभारी सूबेदार ज्योति रघुवंशी को शासकीय वाहनों को समय पर सर्विसिंग एवं बेहतर रख रखाव हेतु निर्देश दिए गए।

रक्षित निरीक्षक कार्यालय में पुलिस उप महानिरीक्षक को गार्ड कमांडर उप निरीक्षक जितेंद्र सिंगारे के द्वारा 1-2-8 बल के साथ सलामी दी। अच्छी कमांड एवं अच्छे टर्नआउट वाले कर्मचारियों को ईनाम दिया गया। पुलिस लाइन में पुलिस उप महानिरीक्षक खरगोन द्वारा पौधारोपण किया गया। पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 200 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






### पुलिस अधीक्षक मनोज राय को बेहद अनुभवी बताया

पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। पुलिस अधीक्षक ने जिला बल खंडवा के कार्यों का परिचय दिया। पूरे वर्ष में हुई गतिविधियां संक्षेप में बताई गई। पुलिस कर्मचारियों एवं परिजनों के वेलफेयर हेतु हेल्थ चेकअप कराया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक खंडवा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मनोज कुमार राय एक अनुभवी अधिकारी हैं,हमें इस बात का गर्व करना चाहिए कि जनता की सेवा करने का अवसर मिला है। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें व फिजिकल एक्टिविटी अवश्य करें तथा हार्टफुलनेस के ध्यान कार्यक्रम को नियमित रूप से अनुसरण करें।

## बालखडसुरा स्थित बालाजी हनुमान धाम में दो दिवसीय महायज्ञ

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के छैगांव माखन स्थित प्राचीन तपोभूमि बलखड़ सुरा बालाजी हनुमान धाम में योगी ज्ञानेश्वर नाथ जी की पुण्य तिथि पर प्रति वर्षानुसार दो दिवसीय महा यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसमें प्रथम दिवस रामार्चन श्री राम दरबार पूजन का आयोजन हुआ एवं द्वितीय दिवस योग आसान शिक्षा संस्कार आयोजन के साथ लगभग 300 कन्याओं बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ करवाकर, आज के समय में हनुमान चालीसा की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला गया।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में हवन पूर्णाहुति के साथ महा प्रसादी भंडारा किया गया जिसमें सर्व प्रथम लगभग 300 कन्याओं का पूजन और कार्यक्रम में पधारे साधु संतों का पूजन पश्चात मान सम्मान के साथ भोजन प्रसादी आयोजित की गई। इसी के साथ महा भंडारा प्रसादी में संपूर्ण क्षेत्रवासियों ने महा प्रसाद का आनंद लिया।



इस आयोजन में प्रमुख सहयोगी रहे भारत विकास परिषद की प्रांतीय पदाधिकारी प्रियंका जिग्नेश पटेल,अखिलेश गुप्ता परिवार दीपू भाई मिठाई वाला परिवार समस्त भक्त मंडल प्राचीन बलखड़ सुरा बालाजी हनुमान मंदिर के सेवक राम समाजसेवी सुनील जैन, सुदामा पटेल,बद्री पटेल, प्रवीण पाटीदार सुनील भाई,गोपाल तवर, अनिल तिवारी,राहुल भाई जाट, मांगीलाल जांगिड़, कमल चंद पटवारी,राजू माते, देवा भैया समस्त सुन्दर कांड मंडल खंडवा पिंटू योगी और साथी गण खंडवा के साथ क्षेत्र वासियों का भी सहयोग रहा समस्त महा यज्ञ और पूजन हवन के प्रमुख आचार्य श्री त्यागी जी महाराज के साथ पंडित प्रमोद खेड़े और पंडित विपिन उपाध्याय थे।

मंदिर आश्रम के प्रमुख व्यवस्थापक और महंत श्री जगन्नाथ बाबाजी और उप महंत श्रीत्यागीजी महाराज जी द्वारा सभी सहयोगियों भक्तों और क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट कर सभी को आशीर्वाद प्रदान किया।

## 'उमंग' पिकनिक में बच्चों ने खेल,संगीत और प्रकृति का लिया आनंद

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** सेवा, संवेदना और समर्पण के भाव को साकार करते हुए लायन्स क्लब खंडवा, लियो क्लब खंडवा एवं सक्षम संस्था खंडवा के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष एक दिवसीय पिकनिक 'उमंग' का आयोजन किया गया। नारायण बाहेती ने बताया कि शुक्रवार को लालचौकी स्थित दिव्यांग आश्रम के बच्चों को मनोरंजन एवं प्रकृति के सान्निध्य में आनंदमय समय बिताने का अवसर प्रदान किया गया।

### भ्रमण व मनोरंजन से गूंजा उत्साह

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को सर्वप्रथम नागचुन क्षेत्र का भ्रमण कराया गया, इसके पश्चात रामेश्वर नगर स्थित गुरु गोविंद सिंह उद्यान में विभिन्न खेलों, झूलों, संगीत एवं नृत्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।खेल, डांस और संगीत ने बच्चों के उत्साह को दोगुना कर दिया। बच्चों के मनोबल वर्धन हेतु उपहार भी भेंट किए गए, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान और खिल उठी।




### स्वास्थ्य वर्धक खान पान की विशेष व्यवस्था

बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें नरम, सुपाच्य भोजन एवं ताजे फल उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर लायन्स, लियो एवं सक्षम संस्था के सदस्य स्वयं बच्चों के साथ बच्चे बनकर खेले, जिससे आपसी अपनत्व और आनंद का भाव देखने को मिला।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में कार्यक्रम संयोजक घनश्याम वाधवा, अध्यक्ष आशा उपाध्याय, राजीव मालवीय, अशोक नावानी, राकेश मालवीय, संजय भट्ट एवं मोनू पालीवाल का विशेष सहयोग रहा।इस गरिमामयी आयोजन में विशेष रूप से लायन्स क्लब खंडवा अध्यक्ष लायन आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष लायन घनश्याम वाधवा, रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय, लायन्स डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन एवं सक्षम संस्था अध्यक्ष नारायण बाहेती, गांधी प्रसाद गदले, पवन लाड़, वसीम कुरैशी, नानक बजाज, उमाशंकर उपाध्याय, सुशीला गदले, हेमलता पालीवाल, ज्योति दुबे, वीणा अठोत्रा, नीलम बजाज, लियो अध्यक्ष सुमीत परिहार, लियो अपूर्व उपाध्याय, केतन वर्मा सहित लायन, लियो एवं सक्षम संस्था के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### आश्रम प्रबंधन ने जताया आभार

दिव्यांग आश्रम की संचालिका अंजली शिन्दे एवं आश्रम प्रबंधन मंडल ने लायन्स, लियो एवं सक्षम संस्था के निरंतर सहयोग की सराहना करते हुए इस मानवीय पहल के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

**पुष्पांजलि** — रूस में भी किशोर कुमार के लाखों प्रशंसक,उनकी आवाज आज भी लोगों के दिलों में बसती है

## किशोर समाधि पर पुष्प अर्पित करते हुए भावुक हो गईं अभिनेत्री एलिना


**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। अभिनेत्री एलीना खंडवा आकर किशोर कुमार के समाधि पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि किशोर दा हर मामले में शार्प और व्यवस्थित इंसान थे। उनकी बराबरी कोई नहीं कर सकता।**

भारत रत्न के मसले पर उन्होंने कहा कि किशोर दा खुद अपने आप में भारत रत्न हैं, लेकिन सरकार उन्हें यह सम्मान देने में देर क्यों कर रही है, यह समझ से परे है? बगैर किसी विचार विमर्श के अब यह सम्मान खंडवा के किशोर दा को मिलना चाहिए। इससे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को सम्मान मिलेगा।

खंडवा में जन्मे मुंबई नगरी में संगीत का जादू बिखरने वाले बॉलीवुड सिंगर म्यूजिक डायरेक्टर योगेंद्र वाघे अभिनेत्री को लेकर खंडवा पहुंचे थे।यहां संगीतकारों का बड़ा आयोजन शो करने के लिए अभिनेत्री एलीना भी आई थीं। इन्होंने शाहरुख खान की बड़ी फिल्म में काम किया है।शनिवार को किशोर दा की समाधि पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम में अभिनेत्री एलीना के साथ गायक योगेंद्र वाघे गायक वह संगीतकार का गरिमा के साथ कपिल शर्मा शो की म्यूजिशियन टीम खंडवा पहुंची है।



### अपने फन के इकलौते कलाकार थे किशोर दा

किशोर दा की जन्मस्थली खंडवा आकर एलीना भावुक नजर आईं।उन्होंने कहा कि किशोर कुमार जैसा कलाकार न पहले था,न आगे होगा। ऐसे महान हरफनमौला कलाकार को भारत रत्न मिलना चाहिए। एलीना ने बताया कि भारत ही नहीं, बल्कि रूस में भी किशोर कुमार के लाखों प्रशंसक हैं।उनकी आवाज आज भी लोगों के दिलों में बसती है।

### मुझे खंडवा से और खंडवा को मुझसे बेहद प्यार-वाघे

म्यूजिक डायरेक्टर योगेंद्र वाधे ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि दादाजी धूनी वाले एवं किशोर दा की नगरी में मेरा जन्म हुआ।संगीत में रुचि होने के कारण में मुंबई पहुंचा और संगीत के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा हूं। आज जो भी हूं दादाजी और किशोर दा की कृपा एवं आशीर्वाद से हूं।

प्रतिवर्ष खंडवा मुंबई के कलाकारों को साथ लाकर बॉलीवुड स्टार नाइट का आयोजन में निशुल्क करता हूं, जिसके माध्यम से सभी लोग संगीत से जुड़े रहे और संगीत को सुन सकें।

## खंडवा, इंदौर मार्ग पर 5 जनवरी तक भारी वाहनों का संचालन प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दिसम्बर के अंतिम सप्ताह एवं नववर्ष प्रारंभ होने से ओंकारेश्वर में ज्योर्तिलिंग दर्शन के साथ पावन नर्मदा में स्नान हेतु लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आने की सम्भावना है। खण्डवा जिले का खण्डवा इन्दौर अत्यन्त व्यस्ततम सड़क मार्ग है। जिसमें भारी एवं हल्के वाहन का आवागमन निरन्तर रूप से चलता रहता है।

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने श्रद्धालुओं के निर्बाध परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा एवं जन सामान्य की सुरक्षा को देखते हुए 5 जनवरी तक के लिए प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक खंडवा इंदौर मार्ग पर भारी वाहनों के प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है।

### इंदौर से आने वाले वाहनों की व्यवस्था

इन्दौर से चलने वाले भारी वाहन खरगोन जिले से होते हुए खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर देशगांव से अपने गन्तव्य तक पहुंचेगें।

### देशगांव से होकर गुजरेंगे वाहन

भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की गई है। नर्मदा नदी पर बने मोरटक्का पुल की क्षमता एवं संरचनात्मक विन्यास को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने यह निर्णय लिया है। इंदौर- इच्छापुर मार्ग पर बुरहानपुर की ओर से खण्डवा जिले में प्रवेश करने वाले भारी वाहन खण्डवा जिले के ग्राम देशगांव में प्रवेश कर खरगोन, धामनोद होते हुए ए.बी. रोड़ तक पहुंचेंगे।

## सोनूद पंचायत में सरपंच पद के लिए मतदान 29 दिसंबर को

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल ने जिले के छैगांवमाखन ब्लॉक की ग्राम पंचायत सोनूद में रिक्त सरपंच पद की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की है।

जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान 29 दिसंबर को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने निगोशिएबल इन्स्ट्रुमेंट्स एक्ट के अंतर्गत सोनूद पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के आदेश जारी किए हैं।

उन्होंने सोनूद पंचायत क्षेत्र में कार्यरत उद्योग, कारखाने, व्यापारिक प्रतिष्ठान,दुकानो में कार्य करने वाले श्रमिकों को मतदान का अवसर देने के लिये मतदान की तारीख 29 दिसंबर को साप्ताहिक अवकाश की सुविधा दिलाने के निर्देश भी श्रम विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

## जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान



**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ओंकारेश्वर में जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।**

मांधाता ब्लॉक के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में ओंकारेश्वर हाई सेकेंडरी स्कूल संकुल के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ (बॉयज व गर्ल्स वर्ग) में समर्थ पाल, कुमारी गोरा चंदेल तथा खुशी वर्मा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए संकुल को कुल 6 शील्ड एवं नकद पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई।

विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य जगदीश मुनेवर,खेल शिक्षक संजय मालवीय शाला स्टाफ डी.एस. पाटीदार, दिनेश चौहान ,आशीष जैन एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि छात्रों की यह सफलता नियमित अभ्यास,अनुशासन और मार्गदर्शन का परिणाम है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

## खंडवा जिले में इस वर्ष 9250 नए विद्युत कनेक्शन दिए गए

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस कैलेंडर वर्ष में अब तक 1 लाख 71हजार 500 नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए है। यह पिछले वर्ष से करीब दस प्रतिशत ज्यादा है। इंदौर राजस्व संभाग में करीब 1.10 लाख कनेक्शन जारी हुए है। इनमें खंडवा जिले में 9250,धार जिले में 13300, खरगोन जिले में 12000, बड़वानी में 6800, बुरहानपुर में 6740, झाबुआ में 5300, अलीराजपुर में 3100 तथा इंदौर जिले में 51 हजार से ज्यादा कनेक्शन दिए गए है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मांग के मुताबिक नए सर्विस कनेक्शन एनएससी प्रदान किए जा रहे हैं, ये कनेक्शन ऑन लाइन या ऑफ लाइन दोनों प्रकार के आवेदन दर्ज कर विधिवित दस्तावेजों के साथ प्राप्त किए जा सकते है। सभी नए कनेक्शनों एवं जारी बिल, लोड इत्यादि की जानकारी संबंधित उपभोक्ता पोर्टल द्भश्च25.ष्५.द्बठ्ठ एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऊर्जस ऐप से प्राप्त भी कर सकते हैं।